# फादर्स डे

बलिदान का मतलब समझाया जिसने
हमें खुश रहना सिखाया जिसने
वो पापा ही मेरे सब कुछ हैं
मोहब्बत करना मुझे सिखाया जिसने

मेरे सपनों को जिसने मेरे साथ देखा
हौसला उनको कामयाब करने का दिलाया
किसी बड़े जादूगर से भी बेहतरीन छड़ी लाकर
उसने झट से मेरा हर ख्वाब पूरा किया

कहीं अगर मेरी माँ घर बनाती हैं,
तो पापा ही उस घर को लाते हैं,
बेटे-बेटी को समान रख खुद के लिए
ज़िंदगी भर उस घर को संभाल जाते हैं

चमड़ी को उसने खुद की जलाकर
छत हमारे सर पर उसने लाई
रोते हुए कभी मुझे देख कर
फिर उसने अपनी जादू की छड़ी घुमाई

दुआ है खुदा से मेरी बस इतनी सी
उम्र मेरी लग जाए पापा को मेरे
क्या करूं मैं ज़िंदा रह कर
अगर वो ही ना हो साथ मेरे